# ‘मानसिक स्वास्थ्य देखभाल’ कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर।** राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर में मंगलवार को ''मानसिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम: एक प्रणाली और संरचना- आधारित ढांचे की ओर'' शीर्षक वाला व्हाइट पेपर जारी किया गया। यह श्वेत पत्र फोरम फॉर लर्निंग एंड एक्शन विथ इनोवेशन एंड रिगर अर्थात द्वारा लिखा गया है।

दिल्ली स्थित यह संगठन भारत में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहा है। इस अवसर पर फ्लेर के मार्गदर्शक डॉ. राज कुमार भंडारी ने बताया कि डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों में अनेक चुनौतियां हैं, और उनमें विस्तार व सटीकता हासिल करने के लिए यह श्वेत पत्र न केवल उनमें मौजूद खामियों का विश्लेषण है, बल्कि उनके समाधान में प्रक्रियात्मक और मूल, दोनों ही तरह के वैज्ञानिक और नैदानिक साक्ष्यों का प्रस्तुतीकरण है।

इस अवसर पर साइकिएट्री विशेषज्ञ डॉ राघव शाह, डॉ संजय जैन तथा शिक्षाविद डॉ नीरा माथुर पूर्व प्रिंसिपल एस एम एस मेडिकल कॉलेज, डॉ कान्ता आहूजा पूर्व कुलपति राजस्थान यूनिवर्सिटी, राजस्थान अस्पताल के वाईस प्रेजिडेंट डॉ सर्वेश अग्रवाल एवं अनेक गणमान्य विशेषज्ञ उपस्थित थे। डॉ नीरा माथुर ने इस कदम को एक प्रशंसनीय पहल बताते हुए कहा कि इस पर कार्य करने पर मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में इन्नोवेटिव बदलाव का रास्ता बनेगा।

डॉ कान्ता आहूजा के अनुसार यह एक परामर्श-आधारित मॉडल से परे प्रो एक्टिव मॉडल पेपर है।

# जल संसाधन मंत्री ने उत्तराखंड में निर्माणाधीन लखवार बांध का निरीक्षण किया

## बांधों के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने अपनी हिस्सेदारी के 162 करोड़ रुपए दिए

- यमुना जल समझौते के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए



जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह ने बांध और सुरंग निर्माण के साथ जल भंडारण क्षमता का जायजा लिया ।

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मंगलवार को उत्तराखंड स्थित निर्माणाधीन लखवार बांध परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों तथा यमुना जल समझौते के अंतर्गत विभिन्न जल भंडारण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उत्तराखंड और राजस्थान सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक कर लखवार परियोजना की वर्तमान स्थिति तथा राजस्थान को मिलने वाले जल लाभ पर विस्तृत चर्चा की।

जल संसाधन मंत्री ने कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध और सुरक्षा मानकों के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए महत्वपूर्ण इस बांध निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा अपने हिस्से के 107 करोड़ रुपए में से अब तक मांग राशि के अनुरूप लगभग 53 करोड़ रुपए का भुगतान उत्तराखंड सरकार को किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड में यमुना नदी पर ताजेवाला हैडवर्क्स के अपस्ट्रीम में निर्माणाधीन लखवार परियोजना राष्ट्रीय महत्व की योजना है। परियोजना की कुल भंडारण क्षमता 331 एमसीएम निर्धारित है। राजस्थान को अपनी हिस्सेदारी के अनुसार लगभग 30.91 एमसीएम जल प्राप्त होने से शेखावाटी अंचल को पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। परियोजना के जल घटक पर केंद्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने से यमुना बेसिन में जल संरक्षण क्षमता बढ़ेगी तथा राजस्थान को पेयजल एवं सिंचाई के लिए स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं से संबंधित सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक विषयों पर सतत समन्वय बनाए रखा जाए तथा राज्य हितों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जाए।

रावत ने निरीक्षण के बाद बताया कि यमुना जल समझौते के तहत डीपीआर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बजट 2026-27 में शेखावाटी तक जल लाने सम्बंधित कार्यों के लिए 32 हजार करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण घोषणा की गई।

जल संसाधन मंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में गिरि नदी पर निर्माणाधीन रेणुका परियोजना भी यमुना बेसिन की महत्वपूर्ण परियोजना है। इसकी कुल भंडारण क्षमता 498 एमसीएम है। इसमें राजस्थान को लगभग 46.50 एमसीएम जल हिस्सेदारी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा परियोजना में अपनी देय वित्तीय हिस्सेदारी लगभग 108 करोड़ रुपए का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।रावत ने बताया कि किसाऊ परियोजना टोन्स नदी पर प्रस्तावित है। इसे उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित भंडारण क्षमता 1324 एमसीएम है, जिसमें राजस्थान को लगभग 123.64 एमसीएम जल प्राप्त होने का प्रावधान रखा गया है। इसके क्रियान्वयन से राजस्थान को नियमित जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।निरीक्षण के दौरान रावत ने कहा कि वर्ष 1994 के यमुना जल समझौते के अंतर्गत राजस्थान को यमुना नदी के जल में 9.338 प्रतिशत हिस्सेदारी आवंटित की गई है। इसी समझौते के तहत यमुना बेसिन में जल के अधिकतम उपयोग के उद्देश्य से रेणुका, लखवार एवं किसाऊ जैसी भंडारण परियोजनाओं की परिकल्पना की गई थी। रावत ने कहा कि हथिनीकुंड बैराज यमुना जल वितरण व्यवस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां से विभिन्न राज्यों को समझौते के अनुसार जल आवंटन किया जाता है।निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारियों ने बांध निर्माण, सुरंग निर्माण, जल भंडारण क्षमता, पर्यावरणीय प्रावधानों तथा वर्तमान प्रगति से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभागीय वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, परियोजना प्राधिकरण के अधिकारी एवं संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### पेड़ की छांव में नाई से दाढ़ी बनवाते दिखे सीपी जोशी



**नागौर/जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सीपी जोशी का सादगीभरा अंदाज एक बार फिर चर्चा में रहा। ''ग्राम विकास रथ अभियान'' के दौरान नागौर देहात की लाडनूं विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छाप्पारा में प्रवास के दौरान उन्होंने ग्रामीणों के बीच समय बिताया और गांव की चौपाल जैसी सहजता में नजर आए। प्रवास के दौरान सीपी जोशी गांव में पेड़ की छांव के नीचे बैठे स्थानीय नाई से दाढ़ी बनवाते दिखाई दिए। उनका यह सरल और जमीन से जुड़ा अंदाज ग्रामीणों को खासा पसंद आया। गांव के लोगों ने भी उनके साथ आत्मीयता से बातचीत की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। ग्रामीणों का कहना था कि आज के दौर में ऐसे जनप्रतिनिधि कम देखने को मिलते हैं, जो बिना किसी औपचारिकता के आमजन के बीच बैठकर उनका हालचाल जानें और उनके जीवन को करीब से महसूस करें। सीपी जोशी का यह सादगीपूर्ण व्यवहार सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे उनकी जमीन से जुड़ी राजनीति और आमजन से आत्मीय संबंधों का उदाहरण बताया।

### गुरुदेव के जन्मोत्सव पर सत्संग कल

**जयपुर।** गुरुदेव रवि शंकर के 70वें जन्मोत्सव एव आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 13 मई को रवि शंकर आश्रम, प्रताप नगर, जयपुर में विभिन्न आध्यात्मिक एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रात: 7:30 बजे आयुष हवन से कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। सायं 5 बजे से सामूहिक सुदर्शन क्रिया एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। सुदर्शन क्रिया विश्व के 190 देशों में की जाने वाली श्वासों की तकनीक है जो की तनाव निवारण, बेहतर स्वास्थ्य, एवं अन्य कई लाभों के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। 6:30 बजे भव्य सत्संग होगा, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के अनसंग एवरीडे हीरोज़ मुहिम के तहत निस्वार्थ सेवा करने वाले जयपुर के सेवावीरों का सम्मान किया जाएगा। राज्य भर से 16 सेवावीरों को सम्मानित किया जायेगा जो की यूथ लीडरशिप, समाज सेवा, खेलकूद आदि क्षेत्रों में अपनी नि:स्वार्थ सेवा दे रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत अपेक्षित हैं। इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान, वंचित वर्ग हेतु बाल चेतना एवं नव चेतना कार्यक्रम तथा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जैसी सामाजिक परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया जाएगा। इसी प्रेरणा के साथ जयपुर में 10 से 13 मई तक विभिन्न सेवा एवं जनकल्याण गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्याधर नगर में आयोजित रक्तदान शिविर में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में योग, ध्यान एवं सत्संग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### तीन दिवसीय पाटोत्सव के प्रथम दिन नृसिंह लीला का दर्शन



**जयपुर।** चांदपोल बाजार के नींदड़ राव जी का रास्ता स्थित मंदिर नृसिंह जी अग्रवाल पंचायत समिति के तीन दिवसीय पाटोत्सव के प्रथम दिन मंगलवार को नृसिंह लीला का दर्शन हुआ। चांदपोल बाजार में नृसिंह भगवान की झांकी को देखने श्रद्धालु उमड़ पड़े। मुख्य झांकी से पहले हनुमान जी की जीवंत झांकी निकाली गई। नींदड़ राव जी का रास्ता स्थित नृसिंह जी मंदिर में महंत पं. मनमोहन शर्मा के सान्निध्य में समाजसेवी चंद्र मोहन बटवाड़ा, मंदिर नृसिंह अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, मंत्री कैलाश चंद अग्रवाल एवं अन्य ने महाआरती की। जैसे ही खंभ से भगवान नृसिंह प्रकट हुए तो मंदिर जयकारों से गूंज उठा। इससे पूर्व नृसिंह भगवान के 80 किलो वजन के मुकुट का पूजन हुआ।। वहीं समाजसेवी और स्थानीय निवासियों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर शर्बत, शिकंजी, आमरस, आइसक्रीम का वितरण किया। मार्ग में रंगीन आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रही। समिति उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल सांस्कृतिक मंत्री जुगल अग्रवाल और कार्यक्रम संयोजक राधा गोविन्द अग्रवाल एवं अन्य ने शोभायात्रा की व्यवस्था संभाली। बुधवार शाम 7 बजे से वराह लीला का आयोजन होगा। वहीं, 14 मई को नृसिंह भगवान का पटोत्सव मनाया जाएगा।

### पुलिस ने दो अलग मामलों में दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** वांछित अपराधियों, भगोड़ों और इनामी बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कानोता थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 5 हजार और 2 हजार के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी नकली सोने की ईंट बेचकर ठगी करता था,जबकि दूसरा कर्ज के बदले गाड़ी छीनकर एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपी है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि पहली कार्रवाई ठगी के एक मामले में की गई। आरोपी निहाल सिंह (35) निवासी ग्राम भंडारा (थाना जुरहरा, जिला डीग) लोगों को झांसा देकर सोने की नकली ईंट असली बताकर बेचता था और मोटी रकम ऐंठकर फरार हो जाता था। इस शातिर ठग पर पुलिस प्रशासन द्वारा 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था, जिसे पुलिस टीम ने कड़े प्रयासों के बाद दबोच लिया। वहीं दूसरी कार्रवाई आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में की गई। पुलिस ने 2 हजार के इनामी आरोपी कालूराम मीणा (45) निवासी बामनवास जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है।

# 55 लाख की कोकीन और एमडी बरामद

- एक नाइजीरियन नागरिक को व्यावसायिक मात्रा में कीमती कोकीन और एमडी (ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में अवैध मादक पदार्थ तस्करों और ड्रग्स माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) और शिप्रापथ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है।

जहां पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क पर प्रहार करते हुए एक नाइजीरियन नागरिक को व्यावसायिक मात्रा में कीमती कोकीन और एमडी (ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 55 लाख रुपये आंकी जा रही है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी कि शिप्रापथ थाना इलाके में स्थित होटल गंगा श्रेय इन (एसएफएस मानसरोवर) के बाहर एक नाइजीरियन व्यक्ति अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई देने के लिए खड़ा है। इस सूचना पुख्ता होने पर सीएसटी और शिप्रापथ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध नाइजीरियन व्यक्ति को दबोच लिया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से कोकीन 102 ग्राम वाणिज्यिक/कमर्शियल मात्रा) और एमडी (ड्रग्स) 17 ग्राम नशीले पदार्थ बरामद हुए।

# ‘टेल 14सी’ व्हाट्सएप चैटबॉट लॉन्च

**जयपुर।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने व्हाट्सएप आधारित ‘टेल 14सी’ चैटबॉट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा भी इस नई पहल को आमजन तक पहुंचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चला रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राजस्थान वीके सिंह ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म विशेष रूप से उन मामलों के लिए तैयार किया गया है, जिनमें साइबर ठगी का प्रयास तो हुआ हो, लेकिन व्यक्ति आर्थिक नुकसान से बच गया हो। ऐसे मामलों में लोग अब व्हाट्सएप नंबर 9319301930 पर संदिग्ध कॉलर नंबर, फर्जी लिंक, स्क्रीनशॉट, सोशल मीडिया अकाउंट, चैट या अन्य उपलब्ध जानकारी साझा कर सकेंगे।

# नीति आयोग ने राजस्थान के सकारात्मक शैक्षणिक परिदृश्य को रेखांकित किया


## कक्षा 1 से 12 तक की एकीकृत शिक्षा उपलब्ध करवाने में राज्य देश में अव्वल

**जयपुर।** राजस्थान देश का एकमात्र प्रदेश है जहां विद्यार्थियों को सर्वाधिक प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा एक ही जगह उपलब्ध हो रही है। नीति आयोग ने ‘स्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया-टेम्पोरल एनालिसिस एण्ड पॉलिसी रौडमेप फॉर क्वालिटी इन्हेंसमेंट’ की नवीनतम रिपोर्ट में इस उपलब्धि को रेखांकित किया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2024-25 में पूरे देश में केवल 5.4 प्रतिशत विद्यालयों में 1 से 12 कक्षा तक एकीकृत शिक्षा सीमित रही। जबकि अकेले राजस्थान में ही यह आंकडा पूरे देश का लगभग 35 प्रतिशत दर्ज किया गया है। यानि देश का 1 से 12वीं तक की एकीकृत शिक्षा उपलब्ध करवाने वाला हर तीसरा विद्यालय राजस्थान में संचालित है। इस प्रकार, प्रदेश के 27 हजार 889 विद्यालय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा उपलब्ध करवा रहे हैं।

नीति आयोग ने रिपोर्ट में जिक्र किया कि प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक के एकीकृत विद्यालयों की कमी होने से विद्यार्थियों को बार-बार शैक्षिणक संस्थानों में प्रवेश लेना पड़ता है। जिसके फलस्वरूप ड्रॉप आउट की संख्या में वृद्धि की आशंका रहती है। वहीं, अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान में 1 से 12वीं कक्षा तक के एकीकृत विद्यालयों का मजबूत नेटवर्क तैयार हुआ है जिससे शैक्षिणक संकेतकों में अपेक्षित सुधार हो रहे हैं।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान शैक्षिणक उपलब्धियों के केन्द्र के रूप में उभरा है। उनके कुशल मार्गदर्शन में शैक्षिणक संस्थानों का निरन्तर विकास, विस्तार और उन्नयन किया जा रहा है।

# ज्वलनशील इथेनॉल से भरा टैंकर पलटा



अजमेर-दिल्ली हाईवे पर इथेनॉल से भरा टैंकर पलटा।

**जयपुर।** राजधानी के दौलतपुरा थाना इलाके में मंगलवार दोपहर अजमेर-दिल्ली हाईवे पर अप्पू घर के पास इथेनॉल से भरा टैंकर पलटने से अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे के बाद टैंकर कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें भरा ज्वलनशील इथेनॉल सड़क पर रिसने लगा। संभावित विस्फोट और आगजनी के खतरे को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी कर हाईवे के दोनों रूट बंद कर दिए।

थाना प्रभारी सुनील गोदारा ने बताया मुजफ्फरनगर से जामनगर जा रहा टैंकर दोपहर करीब एक बजे अप्पू घर के पास पहुंचा था। इसी दौरान आगे चल रही कार को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगाए। जिससे टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक प्रेम चौधरी निवासी बाड़मेर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

गोदारा ने बताया कि टैंकर में इथेनॉल भरा था, जो अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ है और पेट्रोल व शराब में मिश्रण के रूप में उपयोग होता है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में केमिकल की तीखी गंध फैल गई, जिससे लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी हुई।

सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। करीब आधा दर्जन दमकलों ने लगातार सात घंटे तक पानी की बौछार कर कूलिंग ऑपरेशन चलाया। सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही रोक दी गई। वहीं हादसे के कारण अजमेर-दिल्ली हाईवे पर लंबा जाम लग गया और हजारों वाहन घंटों फंसे रहे। पुलिस ने यातायात को वैकल्पिक मार्गों और सर्विस रोड से डायवर्ट किया। देर रात क्रेनों की मदद से टैंकर को सीधा करवाया गया तथा कंपनी का दूसरा टैंकर मौके पर बुलाया गया। प्रशासन और पुलिस देर रात तक मौके पर मुस्तैद रहे।

# विद्युत वितरण निगमों के ऋणभार में 1352 करोड़ की कमी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन तथा ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्देशन में ऊर्जा विभाग द्वारा प्रदेश के विद्युत वितरण निगमों को मजबूती दी जा रही है। इसी दिशा में बेहतर आर्थिक प्रबंधन से राजस्थान डिस्कॉम्स ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपना ऋणभार करीब 1352 करोड़ रूपए कम करने में कामयाबी हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के वितरण निगमों पर कुल ऋण भार 97970 करोड़ रूपए था जो वर्ष 2025-26 में घटकर 96618 करोड़ रूपए रह गया है। इस अवधि में कुल ऋणों में अजमेर विद्युत वितरण निगम ने 935 करोड़ रूपए तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम ने 644 करोड़ रूपए की कमी की है।

दरअसल राजस्थान डिस्कॉम्स ने वित्तीय मानकों को कड़ाई से लागू किया। यह सुनिश्चित किया कि बजट प्रावधानों के अनुरूप खर्चा हो।

# ट्रिपल मर्डर केस के मुख्य गवाह को जेल से धमकी

- परिवार सहित जान से मारने की चेतावनी

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना इलाके में ढाई साल पहले हुए चर्चित ट्रिपल मर्डर केस के मुख्य गवाह को जेल से लगातार धमकियां मिलने का मामला सामने आया है। अलवर जेल में बंद हत्या आरोपी पर मोबाइल कॉल कर गवाह और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाकर सुरक्षा की मांग की है।

पुलिस के अनुसार खटीकों का मोहल्ला निवासी करन सिंह उर्फ मोनू ने रिपोर्ट में बताया कि 29 नवंबर 2023 को आरोपी शिव प्रताप सिंह ने पड़ोस में रहने वाली गीता देवी की बहू और उसके दो बच्चों की हत्या कर दी थी। इस ट्रिपल मर्डर मामले में मालवीय नगर थाना पुलिस ने आरोपी शिव प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करन सिंह इस मामले का मुख्य गवाह है।पीड़ित ने बताया कि 11 फरवरी 2026 को उसके मोबाइल पर कॉल आया, जिसमें जेल में बंद आरोपी शिव प्रताप सिंह ने धमकी दी। इसके बाद 8 मई 2026 को फिर कॉल कर आरोपी ने कहा कि मेरे से पंगा मत ले, नहीं तो जैसा गीता देवी की बहू और बच्चों के साथ हुआ, वैसा ही तुम्हारे साथ भी होगा। आरोपी ने गवाही नहीं देने की चेतावनी भी दी।रिपोर्ट के अनुसार अगले दिन आए दो कॉल पीड़ित की पत्नी ने रिसीव किए। कॉल करने वाली महिला ने खुद को आरोपी की मां बताते हुए गवाही से दूर रहने को कहा। वहीं आरोपी के पिता ने भी धमकी देते हुए कहा कि यदि शिव प्रताप के खिलाफ गवाही दी तो पूरा परिवार अंजाम भुगतेगा।पीड़ित का आरोप है कि पिछले तीन-चार दिनों से अलग-अलग नंबरों से लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाले उसे, उसके बच्चों और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# एक करोड़ की चरस सहित नेपाल के दो अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

- दिल्ली में डिलीवरी के बाद पुष्कर आ रहे थे तस्कर



एटीएस ने नेपाल के दो कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर।** राजस्थान एटीएस ने नशे के सौदागरों के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई को अंजाम देते हुए नेपाल के दो कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 किलो 65 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली चरस बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस,एजीटीएफ और एएनटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि एटीएस टीम की सोशल मीडिया प्रभारी पुलिस निरीक्षक निशा चांवरिया और अजमेर यूनिट के एएसआई मोहम्मद रफीक और उनकी टीम के कांस्टेबल अब्दुल मजीद व राजेंद्र को इनपुट मिला था कि अंतरराष्ट्रीय तस्कर नेपाल से चरस की बड़ी खेप लेकर पुष्कर में सप्लाई करने आ रहे हैं।

इस पर सोशल मीडिया शाखा प्रभारी निशा चॉवरिया और अजमेर एटीएस के एएसआई मोहम्मद रफीक की टीम ने संदिग्धों पर तकनीकी निगरानी रखी और रातभर उनका पीछा किया। साथ ही तस्करों की लोकेशन ट्रैक करते हुए एटीएस ने अजमेर जिला पुलिस के साथ समन्वय स्थापित किया। जैसे ही तस्कर डिलीवरी देने के लिए घूघरा घाटी में एमडीएस यूनिवर्सिटी के पास पहुंचे, पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा।

# आईआईटी मद्रास बीएस डिग्री प्रोग्राम के लिए प्रवेश प्रारंभ

**जयपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के बीएस डिग्री प्रोग्राम ने शैक्षिणक सत्र-2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई, 2026 है। आईआईटी की उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अधिक से अधिक और विभिन्न पृष्ठभूमि के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए सुलभ बनाने का यह प्रोग्राम कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी कर चुके सभी उम्मीदवारों के लिए है और इसमें आयु की कोई सीमा नहीं है।बीएस इन डेटा साइंस एंड एप्लिकेशंस, बीएस इन इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स, बीएस इन मैनेजमेंट एंड डेटा साइंस और बीएस इन एरोनॉटिक्स एंड स्पेस टेक्नोलॉजी नाम से चार अलग-अलग प्रोग्राम उपलब्ध हैं। इनकी संरचना इस तरह की गई है कि विद्यार्थी स्वतंत्र डिग्री के रूप में या किसी नियमित कॉलेज डिग्री के साथ भी इस प्रोग्राम का लाभ उठाएँ। इन प्रोग्राम्स में पढ़ाई मुख्य रूप से ऑनलाइन होती है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह जांबाज़ों को ‘कांस्टेबल ऑफ द मंथ’ का अवार्ड मिला

- ‘आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय की भावना को मजबूत करने में पुलिसकर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है’



पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सभी जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में मंगलवार को आयोजित विशेष समारोह में अप्रैल 2026 के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को कांस्टेबल ऑफ द मंथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सभी जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय की भावना को मजबूत करने में पुलिसकर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ अन्य पुलिसकर्मियों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सम्मानित पुलिसकर्मियों में मोती डूंगरी थाने के कांस्टेबल बनवारी लाल शामिल रहे। जिन्होंने संगठित अपराध के मुख्य सरगना एवं पांच माह से फरार 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश आकाश बिलोनिया को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही वैशाली नगर थाने के कांस्टेबल दीपचंद को मॉर्निंग वॉक पर जा रही महिला से चेन स्नेचिंग करने वाले बदमाशों को पकड़वाने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी कुलदीप सोनी, आदिल कुरैशी और मोहम्मद मोईन को वारदात में प्रयुक्त कार और अपाचे बाइक सहित गिरफ्तार करवाया।वहीं आमेर थाने के कांस्टेबल विरेन्द्र कुमार ने आमेर महल आने वाले विदेशी पर्यटकों को परेशान करने वाले लपका गिरोह के खिलाफ कार्रवाई कर पर्यटकों को राहत दिलाई। वहीं विदेशी महिला पर्यटक से छेड़छाड़ मामले में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस की छवि मजबूत की।

इसके अलावा शिप्रापथ थाने के कांस्टेबल राजू चौधरी ने मजबूत आसूचना तंत्र विकसित कर अप्रैल माह में 18 अपराधियों को गिरफ्तार करवाया तथा लंबे समय से फरार 48 स्थाई वारंटियों को पकड़कर मामलों का निस्तारण करवाया। यातायात पश्चिम में तैनात कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार ने हाथोज स्टैंड पर ड्यूटी के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चल रहे संदिग्ध वाहन को पकड़कर कालवाड़ थाने में मामला दर्ज कराया।